दिनांक 03.06.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

गरीबो के लिए बहुत बड़ा सहारा है प्रधानमंत्री आवास योजना

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान का निर्माण हो रहा है जिसमें ऐसे हितग्राही जिनके पास मकान नहीं है बरसो से किराये के मकान में रहते है ऐसे समस्त हितग्राहियो को पात्रता एवं नियमानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान आबंटित नगर निगम भिलाई क्षेत्र में पुरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। अभी तक नगर निगम भिलाई में अब तक कुल 1741 मकानो का आबंटन हितग्राहियो को किया जा चुका है वर्तमान में 3709 आवासों का आबंटन करने का लक्ष्य है जो प्रक्रिया में है। यह एक महत्वकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री आवास योजना में खम्हरिया के आबंटिती 55 वर्षिय कौशिल्या साहू ने बताया की सपने में भी हमने नहीं सोचा था कि मुझे ऐसा मकान मिलेगा जिसमे रहने का कमराए शौचालयए नहाने का बाथरूमए रसोई का कमरा अलग.अलग होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक भिलाई निगम क्षेत्र के जुनवानीए खम्हरियाए कुरूदए आम्रपाली के पीछे शांतिनगर एमें मकानो का निर्माण किया जा चुका है। इन मकानो में आवासीय उपयोग की समस्त सुविधाएं पानीए बिजलीए शौचालय आदि उपलब्ध है। ऐसे मकान जो प्राईवेट कालोनीयो में महगंे दरो पे मिलते है वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मात्र 3.25 लाख रु में उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार बैंको के माध्यम से लोन की भी सुविधा उपलब्ध है। ग्राम खम्हरिया निवासी संतोषी बाई ताम्रकार ने बताया जब मैं घरो मे काम करने जाती थी तब सोचती थी मेरे भी भाग्य में भी ऐसा मकान होगा क्याए मैं खुस हु भले ही मेरा मकान साहब लोगो से छोटा है। नीचे गाड़ी रखने एवं बालकनी की सुविधाएं भी इसमे है जो उनके घरो में है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वतः संज्ञान लेते हुए औचक रूप से निर्माणाधीन स्थल पर पहुंच जाते है गुणवत्ता हो रहे काम आदि का निरीक्षण करते है सभी को यह भी दिशा निर्देश देते है कि मकान समय अवधि में पूर्ण हो जिससे हितग्राहियो को समय अवधि में

मकान उपलब्ध हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन का सभी हितग्राहियों से अपील है कि आपको जो लॉटरी द्वारा आवास आबंटन हुआ है उसका शेष बकाया राशि निगम कोष में शीघ्र जमा करें ताकि आपको जल्द से जल्द आबंटित आवास का चाबी दिया जा सके और आप किराये से निजात पा सके।